के.सं.वि. / परीक्षा / सत्रार्द्ध परीक्षाएँ / 2020–21/303

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

56–57 इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली–58

दिनांक– 03.08.2021

सूचना–पत्र

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों, आदर्श महाविद्यालयों एवं अन्य सम्बद्ध संस्थाओं की सत्र 2020–21 की शास्त्री, आचार्य, शिक्षाचार्य कक्षाओं के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सत्रार्द्ध परीक्षाओं तथा शिक्षाशास्त्री–2021 प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा के सम्बन्ध में गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक में विभिन्न परिसरों एवं संस्थाओं से कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए प्राप्त मन्तव्यों के आधार पर निम्नलिखित निर्णय लिए गये हैं:–

1. परीक्षाएँ दिनांक 12.08.2021 से 31.08.2021 तक समय–सारिणी के अनुसार ओपन बुक के माध्यम से आयोजित की जायेंगी।
2. परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर परिसर द्वारा ई–मेल / व्हाट्सअप / भौतिक रूप से अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा एवं परीक्षा समाप्ति के एक घंटे तक परीक्षार्थी द्वारा हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका इन्हीं माध्यमों से अथवा हस्तगत सम्बन्धित परिसर को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
3. सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा की निर्धारित तिथि एवं समय में निर्देशानुसार परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य हैं।
4. सभी परीक्षार्थियों का प्रवेशपत्र यथासमय परिसर को प्रेषित किया जायेगा। परिसर द्वारा सम्बन्धित छात्रों को प्रवेशपत्र यथासमय प्रेषित किया जायेगा।
5. उत्तरपुस्तिका छात्रों द्वारा स्वलिखित होनी चाहिए। स्वलिखित उत्तरपुस्तिका न होने पर उक्त छात्र की परीक्षा निरस्त की जायेगी।
6. परीक्षा में नीले रंग की लेखनी का ही प्रयोग करना आवश्यक है।
7. ए–4 पेपर पर ही परीक्षा लेखनकार्य करना होगा।
8. परीक्षार्थी अपने सम्बन्धित परिसर जिसमें वह अध्ययनरत है, वहीं उत्तरपुस्तिका परीक्षा समाप्ति के एक घंटे तक ई–मेल / व्हाट्सअप या सम्बन्धित परिसर द्वारा निर्दिष्ट माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकता है।
9. सभी सम्बन्धित परीक्षार्थी अपने–अपने सम्बन्धित परिसर के सम्पर्क में रहें एवं समय–समय पर सम्बन्धित परिसर द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन अवश्य करें।

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी की गयी है।

Pawan Kumar

(प्रो. पवन कुमार)
परीक्षा नियंत्रक
8730894144, 7840094144
rsksexam@yahoo.com

प्रो. पवन कुमार
परीक्षा नियंत्रक
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीन
56-57, संस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली - 58